संख्या-313/49-1-23-53 (मिस)/17

प्रेषक,

एन0पी0 पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 कोआपेरटिव बैंक लि0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 07 जून, 2023

विषयः- केन्द्र पुरोनिधानित योजनान्तर्गत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन हेतु हार्डवेयर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-पैक्स कम्प्यू0सेल/2023-24/263 दिनांक 06.06.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र दिनांक 06.06.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये क्रय आदेश पर शासन स्तर से इस शर्त के अधीन अनुमति प्रदान की जाती है कि नोडल एजेंसी/उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ सम्बन्धित वेण्डर को आदेश निर्गत करने के पूर्व भारत सरकार तथा नाबार्ड द्वारा समय-समय पर निर्गत किये गये समस्त गाइड लाइंस एवं राज्य सरकार के वित्त विभाग, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग एवं शासन स्तर से पूर्व में निर्गत किये गये शासनादेशों में दिये गये प्राविधानों एवं जी0एफ0आर0 के प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन अपने स्तर पर स्वयं सुनिश्चित करेंगे।

3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ अन्य राज्यों में अपनायी गयी प्रक्रिया को भी आदेश निर्गत करने के पूर्व संज्ञान में लेंगे तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह शासन व आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता उ0प्र0, लखनऊ सहित अन्य सम्बन्धितों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4- कृपया उक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(एन0पी0 पाण्डेय)
विशेष सचिव

पृष्ठांकन-संख्या-313(1)/49-1-2023 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

2- आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।

3- अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग), सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।

4- मुख्य महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, क्षे0का0, (नाबार्ड) गोमतीनगर, लखनऊ।

5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ/नोडल एजेंसी द्वारा आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।

6- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त/आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स/सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन/सहकारिता, विभाग, उ0प्र0, शासन।

7- उप आयुक्त एवं उप निबंधक (बैंकिंग), सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।

8- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(डॉ0 दीपक कोहली)
संयुक्त सचिव।